# गोबर, कचरे और फसल अवशेषों से ईंधन बनाने की नीति पर बढ़ी हरियाणा सरकार

## प्रदेश में वर्तमान में चल रहे 17 संपीड़ित बायोगैस प्लांट, जल्द ही छह और खुलेंगे, 100 प्लांट लगाने का लक्ष्य

▪ नई नीति जल्द होगी लांच, प्लांट के लिए लीज पर पंचायत भूमि के साथ ही 40 करोड़ रुपये तक की पूंजी सहायता और 20 वर्ष तक बिजली शुल्क की प्रतिपूर्ति होगी

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज

हरियाणा में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए प्रदेश सरकार गोबर, कचरे और फसल अवशेषों से ईंधन बनाने की नीति पर आगे बढ़ चली है। जल्द ही नई संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) नीति लागू करने की तैयारी है, जिसमें सीबीजी प्लांट लगाने के लिए लीज पर पंचायत भूमि, 40 करोड़ रुपये तक की पूंजी सहायता और 20 वर्ष तक बिजली शुल्क की प्रतिपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रदेश में वर्तमान में 17 बायोगैस प्लांट संचालित है, जबकि छह और प्लांट जल्द ही खुलेंगे। अगले कुछ वर्षों में 100 प्लांट लगाने का लक्ष्य है। ऊर्जा विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने नई नीति का ड्राफ्ट जारी करते हुए 15 दिन में हितधारकों से आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। सीबीजी प्लांट लगाने के इच्छुक उद्यमियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), सहकारी समितियों, डेयरियों और गोशालाओं को न केवल पहले पांच वर्षों तक दो रुपये प्रति यूनिट बिजली सहायता दी जाएगी, बल्कि विभिन्न करों में छूट के साथ भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) से राहत दी जाएगी।

नई नीति के तहत पराली, पशु अपशिष्ट, शहरों के जैविक कचरे, चीनी मिलों के प्रेसमड, गन्ने के अवशेष और नेपियर घास जैसी सामग्री से कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे किसानों को अतिरिक्त आय के साथ ही पराली जलाने की समस्या से भी निजात मिलेगी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

नई सीबीजी नीति में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाली परियोजनाओं को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए प्रति प्रशिक्षु 20 हजार रुपये तक सहायता राशि का प्रविधान किया जाएगा। महिलाओं, अनुसूचित जाति, दिव्यांगजनों और पूर्व सैनिकों को रोजगार देने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।संयंत्रों से बनने वाली जैविक खाद खरीदने वाले किसानों को 50 पैसे प्रति किलोग्राम दिए जाएंगे। कृषि विश्वविद्यालय इसकी गुणवत्ता की निशुल्क जांच करेंगे।

गोशालाओं, डेयरियों, एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों को आनलाइन मंच से जोड़कर गांव स्तर पर गोबर, पराली और जैविक कचरे के संग्रह की व्यवस्था विकसित की जाएगी। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक तीन हजार टन प्रतिदिन, 2035 तक साढ़े 10 हजार टन प्रतिदिन और 2047 तक 43 हजार टन प्रतिदिन संपीड़ित बायोगैस उत्पादन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

### मुख्य सचिव, ऊर्जा सचिव और उपायुक्तों की बनेंगी कमेटियां

नीति को संचालित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय राज्य स्तरीय समीक्षा व समन्वय समिति, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय कार्यकारी समिति और प्रत्येक जिले में उपायुक्त की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय जिला कंप्रेस्ड बायोगैस समन्वय समिति गठित भी किया जाएगा।

## समाधान शिविर में करवाएं समस्याओं का निपटारा: उपायुक्त

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को कार्यदिवस के दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों में आने वाली शिकायतों की मुख्यमंत्री स्वयं निगरानी करते हैं और समय-समय पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी देते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका समाधान किया जाए और कोई मामला लंबित न रखा जाए।

## महिलाओं-बुजुर्गों के खातों में आज आएगी सहायता राशि

▪ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दयालु, लाडो लक्ष्मी, हर घर-हर गृहिणी और आवास योजना के लाभार्थियों के लिए मुख्यमंत्री सुबह दस बजे जारी करेंगे अगली किस्त

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज

हरियाणा में महिलाओं और बुजुर्गों सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में आज सोमवार को पेंशन, मानदेय और सहायता राशि डाली जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह दस बजे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दयालु, लाडो लक्ष्मी, हर घर-हर गृहिणी और आवास योजना के लाभार्थियों के लिए अगली किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री 50 लाख से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि डालेंगे। इनमें 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की दसवीं किस्त भी शामिल है। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अब तक करीब दस लाख बहन-बेटियों के खातों में 1832 करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं। इसी तरह 15 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 34 लाख 83 हजार लाभार्थियों के खातों में 1121 करोड़ रुपये डाले जाएंगे, जिनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा गैस सिलिंडर रिफिल करवाने वाली पांच लाख से अधिक महिलाओं के खातों में सब्सिडी राशि डाली जाएगी। सरकार का कहना है कि इससे पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता मिलने के साथ घरेलू खर्च में राहत मिलेगी।

## सावन मास में श्री बाबा लाल दयाल जी मंदिर में होंगे धार्मिक कार्यक्रम

### 9 से 15 अगस्त तक होंगे विविध धार्मिक आयोजन

गुरमीत सिंह| डेराबस्सी
समर न्यूज

सावन मास के पावन अवसर पर श्री बाबा लाल नगर, धनौनी रोड, डेराबस्सी स्थित श्री बाबा लाल दयाल जी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी के प्रबंधक सुभाष बुधवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक आयोजनों से जोड़ना तथा भगवान शिव एवं संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिव जी का रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसमें श्री अखिलेश मिश्रा जी व जनार्दन पांडे जी की ओर से पूजा-अर्चना करवाई जाएगी। इसके उपरांत दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा।

11 अगस्त मंगलवार को सुबह 9 बजे शिव जी का रुद्राभिषेक श्री सतिंद्र धीर जी द्वारा करवाया जाएगा तथा दोपहर 12 बजे भंडारा लगाया जाएगा। 12 अगस्त बुधवार को सुबह 8 बजे श्री सुभाष बुधवार जी की ओर से हवन करवाया जाएगा, जबकि सुबह 10 बजे श्रद्धालुओं के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था रहेगी।

सुभाष जी ने बताया कि 14 अगस्त शुक्रवार को पावन दूज के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दुर्गा आश्रम, घिलियन, मुकेरियां से श्री अविनाश दास जी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन-कीर्तन होगा तथा दोपहर 12:30 बजे श्री कृष्ण लाल उपनेजा जी की ओर से भंडारा लगाया जाएगा।

वहीं, 15 अगस्त शनिवार को हरियाली तीज के अवसर पर महिला संकीर्तन मंडली द्वारा दोपहर 3 बजे भजन-कीर्तन किया जाएगा। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से इन सभी धार्मिक आयोजनों में परिवार सहित पहुंचने की अपील की है।

## स्कूल जा रही नाबालिग लड़की को अगवा कर सामूहिक बलात्कार

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज

ज़ीरकपुर के एक सरकारी हाई स्कूल में 10वीं कक्षा की पढ़ने वाली 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा का अगवा कर समूह द्वारा बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने लड़की को नशीला पदार्थ पिलाकर सफेद रंग की गाड़ी में अगवा किया और अज्ञात स्थान पर ले जाकर वारदात अंजाम दी। ज़ीरकपुर थाने में पीड़िता की माता ने दी शिकायत में बताया कि ज़ीरकपुर के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली उनकी बेटी 6 अगस्त को जब स्कूल की छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंची, तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। स्कूल पहुंचने पर पता चला कि वह पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं आई थी। शाम करीब 5:40 बजे फोन पर लड़की रोते हुए बोली कि वह आर्चीज गिफ्ट शॉप के पास है। परिवार जब मौके पर पहुंचा तो लड़की बेहोश मिली। पीड़िता ने बताया कि 6 अगस्त की सुबह एक व्यक्ति ने अपने दो साथियों के साथ उसे अगवा कर अज्ञात स्थान पर ले जाकर बलात्कार किया गया और बिग बाज़ार ज़ीरकपुर के पास छोड़ दिया।

## वार्ड-27 में सड़कों से लेकर पार्क और बिजली व्यवस्था तक सुधार पर जोर: परविंदर कौर

### दूसरी बार पार्षद बनीं परविंदर कौर ने भाजपा उम्मीदवार को 550 वोटों से हराया, बोलीं- लोगों के सहयोग से वार्ड में विकास कार्यों को दी रफ्तार

▪ सफाई कर्मचारियों की कमी, इंटरनेट तारों और कूड़े की समस्या का समाधान करवाने की मांग

गुरशरण सिंह | सुरिंदर सिंह अंकुश
समर न्यूज | मोहाली

वार्ड नंबर-27 की पार्षद परविंदर कौर ने कहा कि दूसरी बार नगर निगम चुनाव जीतने के बाद उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान करवाना रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को करीब 550 मतों से हराकर जीत हासिल की। उनका कहना है कि चुनाव में उन्हें किसी बड़े चुनावी वादे के बजाय लोगों के बीच किए गए काम और आपसी विश्वास का समर्थन मिला।

परविंदर कौर ने बताया कि वार्ड में सबसे महत्वपूर्ण कार्य सड़कों का निर्माण रहा। कई सड़कें करीब नौ वर्ष बाद दोबारा बनाई गईं। इसके साथ लगभग 75 प्रतिशत हिस्से में ब्लॉक टाइल्स लगवाने का काम करवाया गया। गलियों और मकानों की पहचान आसान बनाने के लिए दिशा बताने वाली हाउस नंबर प्लेट्स भी लगवाई गईं। उन्होंने कहा कि पार्कों को बेहतर बनाने के लिए पांच हाईबीम लाइटें लगवाई गईं। तीन पार्कों में ओपन एयर जिम स्थापित किए गए, जबकि बच्चों के लिए नए झूले लगाने और पुराने ट्रैक की मरम्मत का काम भी करवाया गया।

कुछ स्थानों पर पार्क की ग्रिल ठीक करवाकर पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया।

### बिजली और बरसाती पानी की निकासी पर भी काम

पार्षद के अनुसार वार्ड में छह से सात नए ट्रांसफार्मर लगवाए गए, जबकि दो ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और जरूरत के अनुसार अन्य पुराने ट्रांसफार्मर बदले गए। स्ट्रीट लाइटों की खराबी को भी समय-समय पर ठीक करवाया गया।

बरसात के दिनों में जलभराव से बचने के लिए पानी की निकासी हेतु पाइप डलवाई गईं। उन्होंने बताया कि मानसून से पहले सीवरेज लाइनों की सफाई भी करवाई गई, ताकि बारिश के दौरान लोगों को परेशानी कम हो। वार्ड में समय-समय पर फॉगिंग भी करवाई जाती है।

### सफाई कर्मचारियों और कूड़े की समस्या पर ध्यान देने की जरूरत

परविंदर कौर ने कहा कि कुंभड़ा गांव की तरफ से आने वाले पशुओं और वहां बड़ी संख्या में पीजी होने के कारण कुछ स्थानों पर कूड़ा फैलने की समस्या सामने आती है। वार्ड में सफाई कर्मचारियों की संख्या भी आवश्यकता से कम है, जिसे बढ़ाने की जरूरत है। इसके अलावा इंटरनेट कंपनियों की बेतरतीब तारें भी परेशानी का कारण बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वार्ड के लोगों के आपसी विवादों को बातचीत और समझौते से सुलझाने का भी प्रयास किया गया।

## चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल-एटीएम कार्ड बरामद

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

चंडीमंदिर थाना पुलिस ने ट्रक चालक से चोरी के मामले को 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अजय (24) और महेन्द्र (34), दोनों निवासी चंडीमंदिर, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 6 अगस्त की रात सड़क किनारे खड़े ट्रक से नकदी, दस्तावेज और अन्य सामान चोरी हुआ था। शिकायत के बाद जांच शुरू की गई। गुप्त सूचना के आधार पर 8 अगस्त को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 6,100 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन, आठ एटीएम/डेबिट कार्ड, एक पर्स और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

## कॉरिडोर में कब्जा बर्दाश्त नहीं, पंचकूला प्रशासन ने दी चेतावनी

समर न्यूज | पंचकूला

शहर की मार्किटों में अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। दुकानों के सामने अवैध रेहड़ी-फड़ी हटाने के बाद प्रशासन ने सार्वजनिक कॉरिडोर को भी अतिक्रमण मुक्त कराने की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा ने सेक्टर-2, सेक्टर-21 और सेक्टर-6 की मार्किटों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई दुकानदारों ने दुकानों के सामने बने सार्वजनिक कॉरिडोर में सामान रखा हुआ मिला। इससे कई जगह ग्राहकों और राहगीरों के लिए आने-जाने की जगह तक कम हो गई थी। उपायुक्त ने मौके पर ही स्पष्ट किया कि सार्वजनिक कॉरिडोर पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खाद्य सामग्री रखने पर भी कार्रवाई

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी दुकान के कॉरिडोर में खाद्य पदार्थ या अन्य सामान रखकर सार्वजनिक रास्ता बाधित किया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मार्किट एसोसिएशनों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे दुकानदारों को कॉरिडोर खाली रखने के लिए जागरूक करें और प्रशासन के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाएं।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य दुकानदारों को परेशान करना नहीं, बल्कि बाजारों में सुगम आवागमन, स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न मार्किटों का निरीक्षण जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## डेराबस्सी में एक ही रात में चोरों ने चार गाड़ियों की बैटरियां उड़ाईं

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज



कार मालिक चोरी हुई बैटरियों की जानकारी देते हुए। - समर न्यूज

डेराबस्सी शहर में चोरी की घटनाओं के बीच अब गाड़ियों की बैटरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने चार आल्टो कारों के बोनट खोलकर उनकी बैटरियां निकाल लीं। सुबह वाहन मालिक गाड़ियां लेकर जाने के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी की वारदात का पता चला।

वाहन मालिक हैप्पी, सोनू और रोहित ने बताया कि उन्होंने रोजाना की तरह रात के समय अपने वाहन घरों के आसपास खड़े किए थे। सुबह जब गाड़ियां स्टार्ट करने का प्रयास किया गया तो वे चालू नहीं हुईं। बोनट खोलकर देखने पर बैटरियां गायब मिलीं। इसके बाद आसपास जांच करने पर पता चला कि अन्य वाहनों को भी इसी तरह निशाना बनाया गया है। पीड़ितों के अनुसार चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात चार वाहनों की बैटरियां चोरी होने से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने तथा आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। वाहन मालिकों ने चोरी हुई बैटरियां बरामद करवाने की भी अपील की।

## डेराबस्सी में मिशन क्लीन पंजाब और स्वच्छ भारत अभियान के दावों की खुली पोल

### मुबारिकपुर सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेरों से स्थानीय निवासी परेशान

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज



डेराबस्सी में 'मिशन क्लीन पंजाब' और स्वच्छ भारत अभियान के दावे जमीनी हकीकत से मेल खाते नजर नहीं आ रहे हैं। मुबारिकपुर सड़क के किनारे लगे कूड़े के ढेर नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई अभियान का प्रचार तो जोर-शोर से किया जा रहा है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई और कूड़ा उठाने की व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा।

लोगों के अनुसार, सड़क किनारे सुंदरता बढ़ाने के लिए पहले फैंसी टाइलें लगाई गई थीं, लेकिन यहां कूड़ा फेंकने से रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। इसके चलते दोबारा कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। बारिश के दिनों में कूड़े से गंदगी और दुर्गंध फैलने के कारण राहगीरों तथा आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस स्थान के आसपास सरकारी स्कूल, पुलिस चौकी, डीएसपी कार्यालय, अस्पताल और बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण संस्थान मौजूद हैं। इसके बावजूद यहां सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। लोगों ने नगर परिषद से कूड़े के ढेर तुरंत हटाने, नियमित सफाई करवाने और खुले में कूड़ा फेंकने पर रोक लगाने के लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल

कूड़े के ढेरों के आसपास आवारा पशुओं की भरमार रहती है। इन पशुओं के कारण राहगीरों के साथ-साथ स्कूल आने-जाने वाले सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कूड़े के ढेर हटाकर आवारा पशुओं की समस्या का भी समाधान करने की मांग की है।

## भारत विकास परिषद ने स्वतंत्रता दिवस को समर्पित ड्राइंग प्रतियोगिता करवाई

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा डेराबस्सी की ओर से स्वतंत्रता दिवस को समर्पित ड्राइंग प्रतियोगिता सर्वहितकारी विद्या मंदिर, डेराबस्सी में आयोजित की गई। 'यंग माइंड' नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के करीब 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन यू आर लाइफ स्किल्स डेराबस्सी तथा समृद्धि एंड वैदिक मैथ्स अकादमी के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लवया धीमान, द्वितीय प्रतीक्षा आर्य और तृतीय स्थान रुहानी सहित विद्यार्थियों को परिषद की ओर से मोमेंटो और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रियंका शर्मा और पूजा अग्रवाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में परिषद के नितिन जिंदल, उपेश बंसल, अश्वनी शर्मा, डॉ. बरखा राम और जय प्रकाश सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

धार्मिक आयोजन

### स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बताया कर्म और संस्कारों का महत्व

## कन्हैया मित्तल के भजनों से भक्तिमय हुआ पंचकूला

श्रीराम | पंचकूला
समर न्यूज

श्री कृष्ण कृपा परिवार पंचकूला ट्रस्ट की ओर से सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालु पहुंचे। परमपूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के प्रवचनों और प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और संयम बनाए रखने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश मनुष्य को तनाव और कठिन परिस्थितियों से निकलकर सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कन्हैया मित्तल के भजनों पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग झूमते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी बी.बी. भारती, लतिका शर्मा, ज्ञान चंद गुप्ता, श्रवण गर्ग, कुलभूषण गोयल सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि गीता के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना ही आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

## मानसून सत्र बुलाने की तैयारी, 13 को मंत्रिमंडल बैठक में लगेगी मुहर

मोनिका रावत | चंडीगढ़
समर न्यूज

हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 13 अगस्त को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है, जिसमें मानसूत्र की तिथि पर मुहर लगेगी। पिछली कैबिनेट बैठक में अटके चार प्रस्तावों पर भी अगली बैठक में चर्चा की जा सकती है। इसके अलावा विधानसभा में पारित किए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप को भी अंतिम रूप दिया जाएगा।

इससे पहले 28 जुलाई को मंत्रिमंडल की बैठक हुई थी, जिसमें रखे गए 26 प्रस्तावों में से 22 को मंजूरी मिल गई थी। बैठक में जो चार प्रस्ताव टालने पड़े, उनमें शामिल एजेंडा नंबर-17 अंबाला कैंट की फ्री-होल्ड पालिसी से जुड़ा था। तब मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पालिसी से जुड़े प्रस्ताव को पास कराने की कोशिश की, लेकिन बिजली, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज के विरोध के चलते यह प्रस्ताव अगली बैठक के लिए टालना पड़ा। विज ने पालिसी के जिन बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई हैं, उन्हें दुरुस्त करते हुए प्रस्ताव को फिर से कैबिनेट के समक्ष रखा जा सकता है।

वीरवार को दोपहर बाद तीन बजे हरियाणा सिविल सचिवालय की चौथी मंजिल स्थित मुख्य कमेटी रूम में होने वाली कैबिनेट बैठक के लिए हालांकि अभी प्रस्तावों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।